अंकन योजना
अत्यंत गोपनीय (केवल आंतरिक और सीमित प्रयोग हेतु)
सेकेंडरी स्कूल परीक्षा **2024**
कक्षा**- 10** वीं हिंदी **(A),** कोड**- 002**
प्रश्न पत्र कोड **3/3/3**

सामान्य निर्देश**:**

1.आप जानते हैं कि परीक्षार्थियों के सही और उचित आकलन के लिए उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। मूल्यांकन में एक छोटी सी भूल भी गंभीर समस्याओं को जन्म दे सकती है जो परीक्षार्थियों के भविष्य, शिक्षा व्यवस्था और अध्ययन-अध्यापन व्यवस्था को भी प्रभावित कर सकती है। गलतियों से बचने के लिए अनुरोध किया जाता है कि मूल्यांकन प्रारंभ करने से पूर्व ही आप मूल्यांकन निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ और समझ लें।

2. मूल्यांकन नीति एक गोपनीय नीति है। आयोजित परीक्षाओं की गोपनीयता, किए गए मूल्यांकन और कई अन्य पहलुओं से संबंधित होने की वजह से मूल्यांकन की गोपनीयता अनिवार्य है। किसी भी प्रकार से इसके सार्वजनिक होने या 'लीक' होने पर परीक्षा व्यवस्था पर दुष्प्रभाव पड़ सकता है जिससे लाखों उम्मीदवारों का जीवन और भविष्य प्रभावित हो सकता है। इस नीति/दस्तावेज को किसी से भी साझा करना, किसी पत्रिका में प्रकाशित करना और समाचार पत्र/वेबसाइट आदि में छापना भारतीय दंड संहिता (IPC) के तहत कार्रवाई को आमंत्रित कर सकता है।

3. मूल्यांकन अंकन योजना में दिए गए निर्देशों के अनुसार ही किया जाना चाहिए, अपनी व्यक्तिगत व्याख्या या किसी अन्य धारणा के अनुसार नहीं। यह अनिवार्य है कि अंकन योजना का अनुपालन समग्रतापूर्वक और निष्ठापूर्वक किया जाए। हालाँकि, मूल्यांकन करते समय, जो उत्तर नवीनतम जानकारी या ज्ञान पर आधारित या अभिनव हैं (innovative), उनकी सत्यता और उपयुक्तता को परखते हुए उचित अंक दिए जा सकते हैं। कक्षा दसवीं के प्रश्न पत्र में दिए गए दो दक्षता आधारित (competency based) प्रश्नों का मूल्यांकन करने में कृपया विद्यार्थियों द्वारा दिए गए उत्तर को समझने का प्रयास करें। विद्यार्थियों द्वारा दिए गए उत्तर चाहे अंकन योजना में दिए गए उत्तर से मेल न खाते हों, तब भी यदि उन्होंने सही दक्षताओं को व्यक्त किया हो तो उन्हें उचित अंक दिए जाने चाहिए।

4. अंकन योजना में उत्तरों के लिए केवल बिंदु सुझाए जाते हैं। ये बिंदु प्रकृति में केवल दिशानिर्देशों की भाँति होते हैं और पूरे उत्तर का प्रतिनिधित्व नहीं करते हैं। विद्यार्थी अपनी शैली में उत्तर दे सकते हैं और यदि उनकी अभिव्यक्ति सही है, तो उसके अनुसार उचित अंक दिए जाने चाहिए।

5. अंकन योजना में दिए गए निर्देशों के अनुसार ही मूल्यांकन किया गया है, यह सुनिश्चित करने के लिए मुख्य परीक्षक पहले दिन प्रत्येक मूल्यांकनकर्ता द्वारा जाँची गई पहली पाँच उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन की जाँच ध्यानपूर्वक करें। यदि कोई अंतर है, तो विचार-विमर्श और चर्चा के बाद वह समाप्त /शून्य हो जाना चाहिए। परीक्षकों को मूल्यांकन के लिए शेष उत्तरपुस्तिकाएँ तभी दी जाएँ जब मुख्य परीक्षक आश्वस्त हो कि मूल्यांकनकर्ताओं के अंकन में बहुत अधिक भिन्नता नहीं है।

6. मूल्यांकनकर्ता सही उत्तर पर सही का निशान (✔) लगाएँ। गलत उत्तर के लिए गलत का चिह्न (x) लगाएँ। मूल्यांकनकर्ता द्वारा ऐसा चिह्न न लगाने से ऐसा लगता है कि उत्तर सही है परंतु उस पर अंक नहीं दिए गए हैं। यह मूल्यांकनकर्ताओं द्वारा की जाने वाली सबसे आम गलती है।

7. यदि किसी प्रश्न के उपभाग भी हों, तो कृपया प्रश्नों के प्रत्येक उपभाग के उत्तर पर दाईं ओर अंक दिए जाएँ। बाद में, उस प्रश्न के सभी उपभागों के इन अंकों का योग बाईं ओर के हाशिये में लिखकर उसे गोलाकृत कर दिया जाए। इसका अनुपालन दृढ़तापूर्वक किया जाए।

8. यदि किसी प्रश्न का कोई उपभाग न हो, तो बाईं ओर के हाशिये में अंक दिए जाएँ और उन्हें गोलाकृत किया जाए। इसके अनुपालन में भी दृढ़ता बरती जाए।

9. यदि परीक्षार्थी ने किसी प्रश्न का उत्तर दो स्थानों पर लिख दिया है और किसी एक को काटा नहीं है तो जिस उत्तर पर अधिक अंक प्राप्त हो रहे हों, उस पर अंक दें और दूसरे को काट दें। यदि परीक्षार्थी ने अतिरिक्त प्रश्न/प्रश्नों का उत्तर दे दिया है तो जिन उत्तरों पर अधिक अंक प्राप्त हो रहे हों, उन्हीं पर अंक दें और अन्य उत्तर को काटकर उस पर 'अतिरिक्त प्रश्न' लिख दें।

10. एक ही प्रकार की अशुद्धि बार-बार हो तो हर बार उसके अंक न काटें। एक जैसी त्रुटि के लिए अंक एक बार ही काटे जाएँ।

11. यहाँ यह ध्यान रखना होगा कि मूल्यांकन में संपूर्ण अंक पैमाने 0-80 (उदाहरण के लिए प्रश्न-पत्र में दिए अधिकतम अंकों के अनुसार 0 से 80/70/60/50/40/30 अंक) का प्रयोग अनिवार्य रूप से किया जाए। परीक्षार्थी ने यदि सभी अपेक्षित उत्तर बिंदुओं का उल्लेख किया है तो उसे पूरे 80 अंक देने में संकोच न करें।

12. प्रत्येक मूल्यांकनकर्ता को पूर्ण कार्य अवधि में अर्थात 8 घंटे प्रतिदिन अनिवार्य रूप से मूल्यांकन कार्य करना है और प्रतिदिन मुख्य विषयों की 20 उत्तर पुस्तिकाएँ तथा अन्य विषयों की 25 उत्तर पुस्तिकाएँ जाँचनी हैं। (विस्तृत विवरण 'स्पॉट गाइडलाइन' में दिया गया है)

13. नीचे कुछ सामान्य त्रुटियों की सूची दी गई है जिन्हें पिछले वर्षों में मूल्यांकनकर्ताओं द्वारा किया जाता रहा है। यह सुनिश्चित करें कि आप इस प्रकार की त्रुटियाँ न करें–

- उत्तरपुस्तिका में किसी उत्तर या उत्तर के अंश को जाँचे बिना छोड़ देना
- उत्तर के लिए निर्धारित अंकों से अधिक अंक दे देना
- उत्तर के लिए दिए गए अंकों का योग ठीक न होना
- उत्तरपुस्तिका के अंदर दिए गए अंकों का आवरण पृष्ठ पर सही अंतरण न होना
- आवरण पृष्ठ पर प्रश्नानुसार योग करने में अशुद्धि
- आवरण पृष्ठ पर दो कॉलम के अंकों का योग करने में अशुद्धि
- कुल अंकों के योग में अशुद्धि
- प्राप्तांकों को संख्याओं और शब्दों में लिखने में अंतर होना
- उत्तरपुस्तिकाओं से ऑनलाइन अंकसूची में सही अंतरण न होना

- उत्तरों पर सही का चिह्न (✔) लगाना किंतु अंक न देना। (सुनिश्चित करें कि (✔) या (x) का उपयुक्त चिह्न ठीक ढंग से और स्पष्ट रूप से लगा हो। यह मात्र एक रेखा के रूप में न हो)
- उत्तर का एक भाग सही और बाकी गलत हो किंतु कोई अंक न दिए गए हों।

14. उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन करते हुए, यदि कोई उत्तर पूर्ण रूप से गलत हो तो उस पर (x) निशान लगाएँ और शून्य (0) अंक दें।

15. उत्तरपुस्तिका पर किसी प्रश्न का बिना जाँच किए छूट जाना, मुख्य पृष्ठ पर अंतरण न होना या प्राप्तांकों के योग में किसी त्रुटि का पता लगना मूल्यांकन कार्य से जुड़े सभी लोगों की छवि को और केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद की प्रतिष्ठा को धूमिल करता है। इसलिए, सभी की प्रतिष्ठा को बनाए रखने के लिए यह फिर से दोहराया जाता है कि निर्देशों का सावधानीपूर्वक और विवेकपूर्ण तरीके से पालन किया जाए।

16. सभी मूल्यांकनकर्ता वास्तविक मूल्यांकन कार्य प्रारंभ करने से पहले 'स्पॉट इवैल्यूएशन' के निर्देशों से सुपरिचित अवश्य हो जाएँ।

17. प्रत्येक मूल्यांकनकर्ता सुनिश्चित करे कि सभी उत्तरों का मूल्यांकन किया जा चुका है, आवरण पृष्ठ पर तथा योग में कोई अशुद्धि नहीं रह गई है तथा कुल योग को शब्दों और अंकों में लिखा गया है।

18. केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद पुनर्मूल्यांकन प्रक्रिया के अंतर्गत परीक्षार्थियों के अनुरोध पर निर्धारित शुल्क भुगतान के बाद उन्हें उत्तर पुस्तिकाओं की फोटो कॉपी प्राप्त करने की अनुमति देती है। सभी मूल्यांकनकर्ताओं /अतिरिक्त मुख्य परीक्षकों/ प्रधान परीक्षकों को एक बार फिर याद दिलाया जाता है कि वे सुनिश्चित करें कि प्रत्येक उत्तर का मूल्यांकन अंक योजना में दिए गए मूल्य-बिंदुओं के अनुसार ही किया जाए।

अंक-योजना मार्च, 2024

प्रश्न पत्र 3/3/3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

प्रश्न	उपभाग	उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु	अंक और अंक - विभाजन

		खंड 'अ' **(बहुविकल्पी / वस्तुपरक प्रश्न)**	
1	1	प्रश्न – निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य-भेद' पर आधारित पाँच बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए –	4x1=4
	(i)	प्रश्न – 'जब जापान जाने का ..... संयुक्त वाक्य होगा - उत्तर – (D) अवसर मिलने पर मैं जापान गया और वहाँ वह अस्पताल भी देखा।	1
	(ii)	प्रश्न – 'मौसम साफ़ होने पर ..... मिश्र वाक्य होगा - उत्तर – (C) जब मौसम साफ़ होता है तब यहाँ की बालकनी से भी कंचनजंघा दिखाई देने लगती है।	1
	(iii)	प्रश्न – निम्नलिखित वाक्यों में से ..... चुनकर लिखिए : उत्तर – (B) सिर्फ (2) सही है।	1
	(iv)	प्रश्न – निम्नलिखित ..... संयुक्त वाक्य का उदाहरण है : उत्तर – (D) हालदार साहब पान के पैसे चुकाकर जीप में बैठे और चले गए।	1
	(v)	प्रश्न – स्तंभ I और ..... चयन कर लिखिए : उत्तर – (A) (1)- (II) (2)- (III) (3)-(I)	1

अंक-योजना मार्च, 2024

प्रश्न पत्र 3/3/3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

प्रश्न	उपभाग	उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु	अंक और अंक - विभाजन

2	2	प्रश्न – निर्देशानुसार 'वाच्य' पर आधारित पाँच बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए :	4x1=4
	(i)	प्रश्न – 'निराला ने फागुन ..... में वाच्य है - उत्तर – (C) कर्तृवाच्य	1
	(ii)	प्रश्न – 'माँ द्वारा बेटी ..... उदाहरण है - उत्तर – (B) कर्मवाच्य का	1
	(iii)	प्रश्न – 'पिताजी हम सबकी ..... कर्मवाच्य होगा : उत्तर – (D) पिताजी द्वारा हम सबकी बात ध्यान से सुनी जा रही थी।	1
	(iv)	प्रश्न – निम्नलिखित वाक्यों में ..... का उदाहरण नहीं है : उत्तर – (C) 2 और 4	1
	(v)	प्रश्न – स्तंभ - I को ..... चयन कर लिखिए : उत्तर – (A) 1-II 2- III 3-I	1
3	3	प्रश्न – निर्देशानुसार 'अलंकार' पर आधारित पाँच बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए :	4x1=4
	(i)	प्रश्न – 'हनुमान की पूँछ ..... में अलंकार है : उत्तर – (B) अतिशयोक्ति	1

अंक-योजना मार्च, 2024

प्रश्न पत्र 3/3/3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

प्रश्न	उपभाग	उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु	अंक और अंक - विभाजन

3	(ii)	प्रश्न – 'जो नत हुआ वह ..... प्रयुक्त अलंकार है : उत्तर – (D) उत्प्रेक्षा	 1
	(iii)	प्रश्न – 'लेटी है ..... अलंकार प्रयुक्त हुआ है? उत्तर – (D) मानवीकरण	 1
	(iv)	प्रश्न – 'मेरी भव-बाधा ..... अलंकार का प्रयोग हुआ है? उत्तर – (C) श्लेष	 1
	(v)	प्रश्न – निम्नलिखित काव्य-पंक्तियों ..... का उदाहरण है? उत्तर – (B) सूरदास अबला हम भोरी, गुर चाँटी ज्यौं पागी।	 1
4	4	प्रश्न – निर्देशानुसार 'पद-परिचय' पर आधारित पाँच बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए :	4x1=4
	(i)	प्रश्न – 'पानवाला <u>हँसते हुए</u> कहने लगा।' रेखांकित पद का परिचय होगा - उत्तर – (D) रीतिवाचक क्रियाविशेषण, 'कहने लगा' क्रिया की विशेषता	 1
	(ii)	प्रश्न – '<u>शीला अग्रवाल</u> को कॉलेज वालों ने नोटिस थमा दिया।' रेखांकित पद का परिचय है - उत्तर – (B) व्यक्तिवाचक संज्ञा, एकवचन, स्त्रीलिंग, कर्मकारक	 1
	(iii)	प्रश्न – निम्नलिखित वाक्यों में किस ..... का प्रयोग हुआ है? उत्तर – (A) वे दो साल तक वहाँ आते रहे।	 1

अंक-योजना मार्च, 2024

प्रश्न पत्र 3/3/3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

प्रश्न	उपभाग	उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु	अंक और अंक - विभाजन

4	(iv)	प्रश्न – 'इस कविता से हिमालय का सौंदर्य हमारी आँखों से सामने साकार हो जाता है।' रेखांकित पद का परिचय है - उत्तर – (C) सार्वनामिक विशेषण, एकवचन, स्त्रीलिंग, 'कविता' विशेष्य	1
	(v)	प्रश्न – 'मैं वहाँ से जल्द से जल्द भाग जाना चाहती थी।' रेखांकित पद का परिचय है : उत्तर – (B) उत्तमपुरुष सर्वनाम, स्त्रीलिंग, एकवचन, कर्ता कारक	1
5	5	प्रश्न – निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : – निर्मल तेरा नीर, अमृत के सम उत्तम है, ... तू जननी, तू प्राण है।	5x1=5
	(i)	प्रश्न – पद्यांश में मातृभूमि ..... उल्लेख नहीं है? उत्तर – (D) शांति और सुखों की वर्षा करने वाली है।	1
	(ii)	प्रश्न – शीतल-सुगंधित पवन ..... प्रभाव डालता है? उत्तर – (D) वह उसकी थकान को दूर भगा देता है।	1
	(iii)	प्रश्न – धरती की 'हरियाली' ..... की गई है? उत्तर – (A) कोमल-मख़मली कपड़े से	1
	(iv)	प्रश्न – कथन और कारण पर ..... चुनिए :	

अंक–योजना मार्च, 2024

प्रश्न पत्र 3/3/3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा – दसवीं

प्रश्न	उपभाग	उत्तर–संकेत / मूल्य बिंदु	अंक और अंक – विभाजन

		कथन – धरती को .....गया है। कारण – धरती से ..... होता है। उत्तर – (D) कथन और कारण दोनों सही हैं परंतु कारण, कथन की सही व्याख्या नहीं है।	1
5	(v)	प्रश्न – 'दिन में तरणि, ... का आशय है : उत्तर – (A) यहाँ के दिन सदा सूर्य के प्रकाश से प्रकाशित रहते हैं।	1
6	6	प्रश्न – निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : उन्नीसवीं सदी में ..... आदत बनाना चाहिए।	5x1=5
	(i)	प्रश्न – 'हम स्वस्थ विचारों ..... पंक्ति का आशय है : उत्तर – (D) स्वस्थ विचार ही शरीर को स्वस्थ रखते हैं।	1
	(ii)	प्रश्न – इस गद्यांश के ..... जन्म देते हैं – उत्तर – (D) बीमारी	1
	(iii)	प्रश्न – हमारे विचारों को ..... किया जाता है – उत्तर – (C) अचेतन मन द्वारा	1
	(iv)	प्रश्न – 'लोग बीमारी में ..... क्या अभिप्राय है? उत्तर – (B) लोग चिकित्सा में पैसा खर्च करते हैं स्वास्थ्य सुधार के तरीकों में	

अंक-योजना मार्च, 2024

प्रश्न पत्र 3/3/3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

प्रश्न	उपभाग	उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु	अंक और अंक - विभाजन

		नहीं।	1
6	(v)	प्रश्न – निम्नलिखित कथन और कारण को ..... लिखिए : कथन - वर्तमान समय में ..... बढ़ रहा है। कारण - लोगों ने अपने ..... कर लिया है। उत्तर – (B) कारण सही है, किंतु कथन गलत है।	 1
7	7	प्रश्न – निम्नलिखित पठित पद्यांश पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए : नाथ संभुधनु भंजनिहारा। ..... कह भृगुकुलकेतू।।	5x1=5
	(i)	प्रश्न – राम ने ..... क्यों बताया? उत्तर – (B) वे परशुराम का क्रोध-शांत करना चाहते थे।	 1
	(ii)	प्रश्न – परशुराम के क्रोध ..... कारण था? उत्तर – (B) उनके गुरु शिव का धनुष टूटना।	 1
	(iii)	प्रश्न – लक्ष्मण ने ..... से क्यों की? उत्तर – (C) परशुराम के प्रति अपने व्यंग्यात्मक लहजे के कारण	 1
	(iv)	प्रश्न – परशुराम की बातें ..... क्यों लगे? उत्तर – (D) परशुराम के आत्मप्रशंसात्मक वचनों को सुनकर	 1

अंक-योजना मार्च, 2024

प्रश्न पत्र 3/3/3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

प्रश्न	उपभाग	उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु	अंक और अंक - विभाजन

7	(v)	प्रश्न – परशुराम ने राम ..... कैसे दिया? उत्तर – (B) क्रोधपूर्वक	1
8	8	प्रश्न – निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए : कार्तिक आया नहीं कि ..... चमक ही पड़ते।	5x1=5
	(i)	प्रश्न – प्रभातियाँ किस ..... गीत है? उत्तर – (A) भोर	1
	(ii)	प्रश्न – 'उनके मुँह से ..... का आशय है: उत्तर – (A) वह एक के बाद एक गीत गाए जा रहे थे।	1
	(iii)	प्रश्न – गद्यांश में ..... उल्लेख है? उत्तर – (C) शीत ऋतु	1
	(iv)	प्रश्न – बालगोबिन की ..... करती थीं? उत्तर – (B) कार्तिक से फाल्गुन तक	1
	(v)	प्रश्न – भगत गाँव के बाहर ..... का चयन कीजिए - उत्तर – (C) गाँव में अधिक शोर की मनाही थी।	1

अंक-योजना मार्च, 2024

प्रश्न पत्र 3/3/3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

प्रश्न	उपभाग	उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु	अंक और अंक - विभाजन

9	9	प्रश्न – पाठ्यपुस्तक में निर्धारित कविताओं के आधार पर निम्नलिखित **दो** प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए :	2x1=2
	(i)	प्रश्न – सूरदास के पदों में ..... नहीं की गई है? उत्तर – (B) हारिल पक्षी की लकड़ी	1
	(ii)	प्रश्न – 'यह दंतुरित मुसकान' में ..... कैसे लगता है? उत्तर – (B) जैसे झोंपड़ी में कमल का फूल खिल गया हो।	1
10	10	गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित दो बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए :	2x1=2
	(i)	प्रश्न – बिस्मिल्ला खाँ अपनी ..... माँगा करते थे? उत्तर – (A) अपने सुरों की सलामती	1
	(ii)	प्रश्न – नेताजी की मूर्ति पर ..... क्यों भर आई? उत्तर – (D) बच्चों में नेताजी के प्रति सम्मान और देशभक्ति देखकर वे भावुक हो गए।	1
		खंड 'ब' **(वर्णनात्मक प्रश्न)**	
11	11	प्रश्न – गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में दीजिए :	3x2=6

अंक-योजना मार्च, 2024

प्रश्न पत्र 3/3/3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

प्रश्न	उपभाग	उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु	अंक और अंक - विभाजन

11	(क)	प्रश्न – बिस्मिल्ला खाँ के ..... क्या कारण थे? उत्तर – परीक्षार्थी पाठ के संदर्भ में कोई **<u>दो</u>** उपयुक्त कारण लिखेंगे, जैसे – • गंगा, बालाजी और बाबा विश्वनाथ के प्रति गहरी आस्था • काशी में बीता बचपन और संगीत साधना • संस्कृति • काशी स्वर्ग / जन्नत तुल्य (2 अंक) --- ✳ कोई एक उपयुक्त बिंदु लिखने पर (1 अंक) --- ✳ असंगत या निरर्थक उत्तर लिखने पर (0 अंक)	2
	(ख)	प्रश्न – 'लखनवी अंदाज' पाठ में ..... तर्कपूर्ण उत्तर दीजिए। उत्तर – परीक्षार्थी पाठ के संदर्भ में कोई **<u>दो</u>** उपयुक्त कारण लिखेंगे, जैसे– • एकांत में नई कहानी के बारे में सोचना • प्राकृतिक दृश्य देखने की इच्छा • भीड़भाड़ से बचना • कम दूरी की यात्रा (½ +½=1 अंक) परीक्षार्थी प्रश्न के दूसरे भाग के लिए उपयुक्त तर्कपूर्ण स्वतंत्र उत्तर लिखेंगे। (1 अंक) --- ✳ प्रश्न के पहले भाग के लिए एक उपयुक्त कारण और दूसरे के लिए उपयुक्त तर्कपूर्ण स्वतंत्र उत्तर लिखने पर (1½अंक) ---	2

अंक-योजना मार्च, 2024

प्रश्न पत्र 3/3/3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

प्रश्न	उपभाग	उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु	अंक और अंक - विभाजन

		✳ प्रश्न के पहले भाग के लिए एक कारण लिखने और दूसरे के लिए थोड़े-बहुत वाक्य लिखने पर अथवा ✳ प्रश्न के पहले भाग के लिए दो कारण लिखने परंतु दूसरे भाग का उत्तर नहीं लिखने पर (1 अंक) --- ✳ असंगत या निरर्थक उत्तर लिखने पर (0 अंक)	
11	(ग)	प्रश्न – क्या संस्कृति के समान ..... स्पष्ट कीजिए। उत्तर – परीक्षार्थी पाठ के संदर्भ में कोई एक उपयुक्त बिंदु लिखेंगे, जैसे – • मानव की वह योग्यता जो उससे आत्मविनाश के साधनों का आविष्कार कराती है, असंस्कृति कहलाती है तथा जो योग्यता 'लोककल्याण' के साधनों का आविष्कार कराती है संस्कृति है। • संस्कृति कल्याणकारी होती है, असंस्कृति अकल्याणकारी होती है। • संस्कृति में त्याग की भावना असंस्कृति में त्याग की भावना नहीं • अन्य उपयुक्त बिंदु भी स्वीकार्य (2 अंक) --- ✳ उत्तर का पर्याप्त विस्तार नहीं कर पाने परंतु पाठ के संदर्भ में थोड़े-बहुत वाक्य लिखने पर (1 अंक) --- ✳ असंगत या निरर्थक उत्तर लिखने पर (0 अंक)	2
11	(घ)	प्रश्न – 'यह कहानी यह भी' ..... क्या संदेश देता है? उत्तर – परीक्षार्थी पाठ के संदर्भ में व्यक्तिगत दृष्टिकोण से **एक** स्वतंत्र और	2

अंक-योजना मार्च, 2024

प्रश्न पत्र 3/3/3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

प्रश्न	उपभाग	उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु	अंक और अंक - विभाजन
		उपयुक्त संदेश लिखेंगे, जैसे – • जीवन में सफल होने के लिए सुंदर रूप रंग की आवश्यकता नहीं • माता-पिता द्वारा बच्चों के प्रति समान व्यवहार रखना • युवा देश के प्रति प्रेम और कर्तव्य की भावना • उत्कृष्ट साहित्य का चयन करना और पढ़ना • गुणों को विकसित करना • लड़कियों और स्त्रियों के साथ बराबरी का व्यवहार • अन्य उपयुक्त उत्तर भी स्वीकार्य (2 अंक) --- ✳ स्पष्ट रूप से संदेश नहीं लिख पाने परंतु पाठ के संदर्भ में थोड़े-बहुत वाक्य लिखने पर (1 अंक) --- ✳ असंगत या निरर्थक उत्तर लिखने पर (0 अंक)	
12	12	प्रश्न – निर्धारित कविताओं के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए :	3x2=6
	(क)	प्रश्न – 'तुम सुनकर सुख पाओगे, ... डालना चाहता है? उत्तर – परीक्षार्थी पाठ के संदर्भ में कोई **<u>दो</u>** उपयुक्त बिंदु लिखेंगे, जैसे – • कोई विशेष उपलब्धि नहीं • अभाव व कष्ट भरा जीवन • साधारण जीवन (2 अंक) --- ✳ कोई एक उपयुक्त बिंदु लिखने पर (1 अंक)	2

अंक-योजना मार्च, 2024

प्रश्न पत्र 3/3/3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

प्रश्न	उपभाग	उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु	अंक और अंक - विभाजन

12	(ख)	--------- ✳ असंगत या निरर्थक उत्तर लिखने पर (0 अंक) प्रश्न – कवि बादलों को ..... संबोधित करता है? उत्तर – परीक्षार्थी पाठ के संदर्भ में कोई **<u>दो</u>** उपयुक्त कारण लिखेंगे, जैसे – • कल्याण करना • परिवर्तन लाना • क्रांति का संदेश देना • तपती धरती को शीतल करना • धरती में नया जीवन भरना (2 अंक) ---------- ✳ कोई एक उपयुक्त बिंदु लिखने पर (1 अंक) ---------- ✳ असंगत या निरर्थक उत्तर लिखने पर (0 अंक)	2
	(ग)	प्रश्न – संगतकार गायक को ..... स्पष्ट कीजिए। उत्तर – परीक्षार्थी पाठ के संदर्भ में प्रश्न के दोनों हिस्सों के लिए **<u>एक-एक</u>** बिंदु लिखेंगे, जैसे – <u>कब</u> • तारसप्तक में उसका गला बैठने पर • अंतरे की जटिल तानों में खो जाने पर • उत्साह क्षीण पड़ने / कम होने पर (1 अंक) <u>कैसे</u>	2

अंक-योजना मार्च, 2024

प्रश्न पत्र 3/3/3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

प्रश्न	उपभाग	उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु	अंक और अंक - विभाजन
		• साथ देकर • स्थायी को सँभाल कर (1 अंक) (1+1=2 अंक) --------- ✳ किसी एक हिस्से के लिए एक उपयुक्त बिंदु लिखने पर (1 अंक) --------- ✳ असंगत या निरर्थक उत्तर लिखने पर (0 अंक)	
12	(घ)	प्रश्न – फ़सल को ढेर सारी ..... आधार पर लिखिए। उत्तर – परीक्षार्थी पाठ के संदर्भ में उपयुक्त उत्तर लिखेंगे, जैसे – • फसलों की सिंचाई के लिए नदियों के पानी का प्रयोग • बिना पानी के फसल की पैदावार संभव नहीं • नदियों के पानी के साथ आई उपजाऊ मिट्टी फसलों के लिए वरदान • अन्य उपयुक्त उत्तर भी स्वीकार्य (2 अंक) --------- ✳ उत्तर का पर्याप्त विस्तार नहीं कर पाने परंतु पाठ के संदर्भ में थोड़े-बहुत वाक्य लिखने पर (1 अंक) --------- ✳ असंगत या निरर्थक उत्तर लिखने पर (0 अंक)	2
13	13	प्रश्न – पूरक पाठ्यपुस्तक के पाठों पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग 50-60 शब्दों में लिखिए :	2x4=8

अंक-योजना मार्च, 2024

प्रश्न पत्र 3/3/3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

प्रश्न	उपभाग	उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु	अंक और अंक - विभाजन

	(क)	प्रश्न – 'मैं क्यों लिखता हूँ' ..... लेखक को कब हुई? उत्तर – परीक्षार्थी पाठ के संदर्भ में प्रश्न के तीनों हिस्सों के उपयुक्त उत्तर लिखेंगे, जैसे – • स्वयं के जीवन में घटित सत्य अनुभव; अपने या दूसरों के जीवन में घटित सत्य को संवेदना और कल्पना के सहारे आत्मसात करना अनुभूति (1+1=2 अंक) • प्रत्यक्ष अनुभूति न हो पाने के कारण (1 अंक) • सड़क पर टहलते समय जले हुए पत्थर पर लंबी उजली छाया (1अंक) --- ✳ प्रश्न के तीनों हिस्सों का सही उत्तर लिखने पर (2+1+1=4 अंक) --- ✳ प्रश्न के पहले हिस्से में कोई एक बिंदु लिखने पर और बाकी दोनों हिस्सों का सही उत्तर लिखने पर (1+1+1=3 अंक) अथवा ✳ प्रश्न के पहले हिस्से का पूरा उत्तर लिखने परंतु दूसरे या तीसरे में किसी एक का उत्तर लिखने पर (2+1= 3 अंक) --- ✳ प्रश्न के पहले हिस्से का पूरा उत्तर लिखने और दूसरे का तीसरे हिस्से के लिए गलत उत्तर य उत्तर नहीं लिखने पर अथवा ✳ प्रश्न के पहले हिस्से में कोई एक उपयुक्त बिंदु लिखने पर और दूसरे या तीसरे किसी एक हिस्से का उत्तर लिखने पर अथवा ✳ प्रश्न के पहले हिस्से का गलत उत्तर देने परंतु दूसरे और तीसरे का सही उत्तर लिखने पर (2 अंक)	4

अंक-योजना मार्च, 2024

प्रश्न पत्र 3/3/3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

प्रश्न	उपभाग	उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु	अंक और अंक - विभाजन

13	(ख)	--------- ✳ प्रश्न के पहले हिस्से के लिए कोई एक उपयुक्त बिंदु लिखते हुए दूसरे या तीसरे का गलत उत्तर लिखने पर अथवा ✳ प्रश्न के पहले हिस्से के लिए गलत उत्तर परंतु दूसरे या तीसरे में किसी एक का उत्तर लिखने पर (1 अंक) --------- ✳ असंगत या निरर्थक उत्तर लिखने पर (0 अंक) प्रश्न – 'माता का अँचल' पाठ ..... उपयुक्त तर्क भी दीजिए। उत्तर – परीक्षार्थी व्यक्तिगत दृष्टिकोण से स्वतंत्र तर्कपूर्ण तथा उपयुक्त उत्तर लिखेंगे, जैसे – • हाँ; माता-पिता का वात्सल्य कभी कम नहीं होता • नहीं; आजकल माता-पिता के पास समय का अभाव, व्यस्त जीवन ✳ पाठ के आधार पर तर्कपूर्ण उपयुक्त उत्तर लिखने पर (4 अंक) --------- ✳ पाठ के आधार पर थोड़े-बहुत तर्क देते हुए संक्षिप्त उत्तर लिखने पर (3 अंक) --------- ✳ पाठ के आधार के बिना थोड़े-बहुत उपयुक्त वाक्य लिखने पर (2 अंक) --------- ✳ पाठ से थोड़े-बहुत वाक्य लिखने पर (1 अंक) --------- ✳ असंगत या निरर्थक उत्तर देने पर (0 अंक)	4

अंक-योजना मार्च, 2024

प्रश्न पत्र 3/3/3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

प्रश्न	उपभाग	उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु	अंक और अंक - विभाजन

13	(ग)	प्रश्न – बार्डर एरिया में ..... आधार पर लिखिए। उत्तर – परीक्षार्थी पाठ के संदर्भ में **<u>दो</u>** उपयुक्त बिंदु विस्तार से लिखेंगे, जैसे – • कठिन और विषम परिस्थितियों में कर्तव्य-पालन • प्रतिकूल प्राकृतिक परिस्थितियाँ (माइनस 15 डिग्री सेल्सियस तापमान) • परिवार से दूरी • अन्य स्वतंत्र उपयुक्त बिंदु भी स्वीकार्य (2+2= 4 अंक) ✳ पाठ के संदर्भ में दो उपयुक्त बिंदुओं को विस्तार से लिखने पर (4 अंक) --- ✳ एक उपयुक्त बिंदु को विस्तार से लिखने पर परंतु दूसरे उपयुक्त बिंदु का उल्लेख मात्र करने पर (3 अंक) --- ✳ दोनों उपयुक्त बिंदुओं का मात्र उल्लेख करने पर (2 अंक) --- ✳ किसी एक उपयुक्त बिंदु का उल्लेख करने पर (1 अंक) --- ✳ असंगत या निरर्थक उत्तर देने पर (0 अंक)	4
14	(क)	आप साची/सचिन है। ..... 100 शब्दों में एक पत्र लिखिए।	5
		अथवा	
	(ख)	आप प्रगति विद्यालय के ..... 100 शब्दों में एक पत्र लिखिए।	5

अंक-योजना मार्च, 2024

प्रश्न पत्र 3/3/3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

प्रश्न	उपभाग	उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु	अंक और अंक - विभाजन

		उत्तर – **<u>पत्र-लेखन</u>** • प्रारूप (आरंभ और अंत की औपचारिकताएँ) = 1 अंक • विषयवस्तु = 3 अंक • भाषा-शुद्धता = 1 अंक **<u>विशेष निर्देश</u>** :– • उपयुक्त प्रारूप होने पर ही पत्र माना जाए और अंक दिए जाएँ। • प्रारूप और आरंभ-अंत की औपचारिकताओं में किसी तरह का रूढ़ बंधन तय नहीं किया जाए। (दाएँ-बाएँ, सेवा में आदि पर अतिरिक्त ध्यान न दिया जाए) • प्रस्तुतीकरण प्रभावी और उपयुक्त होने पर शब्द-सीमा के उल्लंघन पर अंक न काटे जाएँ। • भाषा में बहुत अधिक अशुद्धियाँ होने पर ही अधिकतम एक अंक काटा जा सकता है। • सामान्य अशुद्धियों पर अंक न काटे जाएँ।	
15	(क)	आप निभा/निर्भय है। ..... संक्षिप्त स्ववृत्त लिखिए। उत्तर – **<u>स्ववृत्त-लेखन</u>** • प्रारूप = 1 अंक • विषयवस्तु = 3 अंक • भाषा-शुद्धता = 1 अंक	5

अंक-योजना मार्च, 2024

प्रश्न पत्र 3/3/3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

प्रश्न	उपभाग	उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु	अंक और अंक - विभाजन
15	(ख)	**<u>विशेष निर्देश</u> :-** • व्यक्तिगत जानकारी, शैक्षणिक योग्यताएँ आदि को शामिल कर यथोचित विषय-वस्तु, स्तरीय और उपयुक्त भाषा प्रयोग पर पूरे अंक दिए जाएँ। • भाषा में बहुत अधिक अशुद्धियाँ होने पर अधिकतम एक अंक ही काटा जा सकता है। • सामान्य अशुद्धियों पर अंक न काटे जाएँ। • प्रस्तुतीकरण प्रभावी और उपयुक्त होने पर शब्द-सीमा के उल्लंघन पर अंक न काटे जाएँ। **अथवा** आप निभा/निर्भय हैं। ..... ई-मेल द्वारा अपनी समस्या से अवगत कराइए। उत्तर – **<u>औपचारिक ई-मेल</u>** • प्रारूप = 1 अंक • विषयवस्तु = 3 अंक • भाषा-शुद्धता = 1 अंक **<u>विशेष निर्देश</u> :-** • उपयुक्त प्रारूप होने पर ही ई-मेल माना जाए और अंक दिए जाएँ। • प्रस्तुतीकरण प्रभावी और उपयुक्त होने पर शब्द-सीमा के उल्लंघन पर अंक न काटे जाएँ। • भाषा में बहुत अधिक अशुद्धियाँ होने पर ही अधिकतम एक अंक काटा जा सकता है।	5

अंक-योजना मार्च, 2024

प्रश्न पत्र 3/3/3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

प्रश्न	उपभाग	उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु	अंक और अंक - विभाजन

		• सामान्य अशुद्धियों पर अंक न काटे जाएँ।	
16	16	प्रश्न – निम्नलिखित तीन विषयों में से किसी **एक** विषय पर संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए:	6
	(क)	निष्पक्ष मीडिया : सफल लोकतंत्र का आधार संकेत बिंदु –• भूमिका, • अर्थ, • लोकतंत्र पर प्रभाव, • समस्याएँ, • समाधान	
		परोपकार ही सच्चा धर्म है	
	(ख)	• परोपकार का अर्थ, • मनुष्य का उत्तम गुण, • प्रकृति से उदाहरण, • सच्चे आनंद का स्रोत	
	(ग)	विश्व पर्यावरण दिवस संकेत बिंदु – • भूमिका, • क्या, • क्यों, • पर्यावरण पर प्रभाव	
		उत्तर – **<u>अनुच्छेद-लेखन</u>** • भूमिका = 1 अंक • विषयवस्तु = 3 अंक • निष्कर्ष = 1 अंक • भाषा-शुद्धता = 1 अंक	
		<u>विशेष निर्देश</u> :– • दिए गए संकेत बिंदुओं को शामिल करते हुए यथोचित विषय-वस्तु, स्तरीय और रचनात्मक भाषा प्रयोग पर पूरे अंक दिए जाएँ।	

अंक-योजना मार्च, 2024

प्रश्न पत्र 3/3/3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

प्रश्न	उपभाग	उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु	अंक और अंक - विभाजन

		• भाषा में बहुत अधिक अशुद्धियाँ होने पर ही अधिकतम एक अंक काटा जा सकता है। • सामान्य अशुद्धियों पर अंक न काटे जाएँ। • प्रस्तुतीकरण प्रभावी और उपयुक्त होने पर शब्द-सीमा के उल्लंघन पर अंक न काटे जाएँ।	
17	(क)	देश में स्वच्छता के प्रति ..... विज्ञापन तैयार कीजिए। उत्तर – **<u>विज्ञापन-लेखन</u>** • रचनात्मकता + प्रस्तुति = 1 अंक • विषयवस्तु = 2 अंक • भाषा-शुद्धता = 1 अंक **<u>विशेष निर्देश</u>** :– • विज्ञापन-लेखन में रंगों और चित्रों का प्रयोग अनिवार्य नहीं है। इसके लिए अंक न काटे जाएँ। • भाषा में बहुत अधिक अशुद्धियाँ होने पर ही अधिकतम आधा अंक काटा जा सकता है। • सामान्य अशुद्धियों पर अंक न काटे जाएँ।	4
		अथवा	
17	(ख)	आप सरला/सरल हैं। ..... 40 शब्दों में एक संदेश लिखिए। उत्तर –	4

अंक-योजना मार्च, 2024

प्रश्न पत्र 3/3/3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

प्रश्न	उपभाग	उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु	अंक और अंक - विभाजन

		<u>संदेश-लेखन</u> • प्रारूप = 1 अंक • विषयवस्तु = 2 अंक • भाषा-शुद्धता = 1 अंक **विशेष निर्देश** – • संदेश लेखन का कोई एक निश्चित प्रारूप नहीं है। परीक्षार्थी द्वारा किसी उपयुक्त प्रारूप के उपयोग पर ही अंक दिए जाएँ। • प्रस्तुतीकरण प्रभावी और उपयुक्त होने पर शब्द-सीमा के उल्लंघन पर अंक न काटे जाएँ। • भाषा में बहुत अधिक अशुद्धियाँ होने पर ही अधिकतम आधा अंक काटा जा सकता है। • सामान्य अशुद्धियों पर अंक न काटे जाएँ।	